# वर्ष 2025 को 'सुधार वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय

## प्रिलिम्स के लिये:

एकीकृत थिएटर कमांड, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक्स, रोबोटिक्स, राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति, अग्निपथ योजना, साइबर युद्ध, सीडीएस, भारत-यूएस आईसीईटी पहल।

## मेन्स के लिये:

भारत के सशस्त्र बलों में सुधार की आवश्यकता है।

**स्रोत: पी.आई.बी.**

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **रक्षा मंत्रालय** ने **बहु-क्षेत्रीय एकीकृत संचालन में सक्षम** सशस्त्र बलों को तकनीकी रूप से उन्नत और युद्धक परिस्थितियों से निपटने के लिये तैयार बल में रूपांतरित करने हेतु **वर्ष 2025 को 'सुधार वर्ष (Year of Reforms)' के रूप** में मनाने का निर्णय लिया है।

## नोट:

भारतीय सेना वर्ष 2024 को '**टेक्नोलॉजी ऐब्सॉर्प्शन ईयर**' के रूप में मना रही है।

## वर्ष 2025 को 'सुधार वर्ष' के रूप कौन-से क्षेत्र चिन्हित किये गए हैं?

- **युक्तता एवं एकीकरण: सैन्य सेवाओं के बीच सहयोग को मज़बूत करना और** एकीकृत थिएटर कमांड (ITC) की स्थापना को सुगम बनाना।
  - अंतर-सेवा सहयोग एवं प्रशिक्षण के माध्यम से परिचालन आवश्यकताओं और संयुक्त परिचालन क्षमताओं की साझा समझ विकसित करना।
  - इनमें **तिरुवनंतपुरम स्थित समुद्री कमान, जयपुर स्थित पाकिस्तान-केंद्रित पश्चिमी कमान और लखनऊ स्थित चीन-केंद्रित उत्तरी कमान** शामिल हैं।
- **उभरती हुई प्रौद्योगिकियाँ:** सुधारों को **साइबर व अंतरिक्ष जैसे नए क्षेत्रों तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक्स और रोबोटिक्स** जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित होना चाहिये।
  - **भविष्य के युद्धों** को जीतने के लिये आवश्यक संबद्ध रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाएँ भी विकसित की जानी चाहिये।
  - रक्षा क्षेत्र और असैन्य उद्योगों के बीच **प्रौद्योगिकी हस्तांतरण व ज्ञान साझाकरण** को सुविधाजनक बनाना तथा व्यापार को आसान बनाकर सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना।
- **अधिग्रहण को सरल बनाना:** क्षमता विकास में तेजी लाने और **उसे मज़बूत बनाने के लिये** अधिग्रहण प्रक्रियाओं को **सुव्यवस्थित और समयबद्ध किया जाना चाहिये।**
- **रक्षा निर्यातक: भारत को रक्षा उत्पादों के** एक विश्वसनीय निर्यातक के रूप में स्थापित करना , भारतीय उद्योगों और विदेशी मूल उपकरण निर्माताओं के बीच अनुसंधान एवं विकास तथा साझेदारी को बढ़ावा देना।
  - भारत का रक्षा निर्यात वर्ष 2014 के **2,000 करोड़ रुपए से बढ़कर 21,000 करोड़ रुपए से अधिक हो गया।**
- **वयोवृद्ध कल्याण और स्वदेशी संस्कृति: वयोवृद्धों की** विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए उनके कल्याण को सुनिश्चित करना।
  - इसके अतिरिक्त, आधुनिक सेनाओं की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाते हुए, **स्वदेशी क्षमताओं के माध्यम से वैश्विक मानकों को प्राप्त करने में भारतीय संस्कृति** पर गर्व और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना।

### भारत की डिफेंस मिलिट्री/रक्षा सेना की वर्तमान स्थिति क्या है?

- **आयातक से निर्यातक: भारत सबसे बड़े शस्त्र आयातक से प्रमुख निर्यातक** बन गया है, वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात **210.83 बिलियन**

रुपए तक पहुँच गया है, जिसमें वर्ष 2028-29 तक 500 बिलियन रुपए** का लक्ष्य रखा गया है।
- **रक्षा अधिग्रहण में सुधार**: **रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP)** घरेलू उद्योग को प्राथमिकता देती है, जिसके अंतर्गत भारतीय कंपनियों को प्रमुख प्रणालियों के विनिर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने तथा रक्षा खरीद में **स्वदेशी सामग्री (IC) को 50% या उससे अधिक तक बढ़ाने की आवश्यकता होती है।**
- **निज़ी क्षेत्र की भागीदारी: वर्ष** 2022-23 तक निज़ी कंपनियाँ **भारत के रक्षा उत्पादन में 20% का योगदान देंगी।**
  - **वडोदरा में टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स** सैन्य विमानों के लिये भारत का पहला निज़ी क्षेत्र का कारखाना है, जो **C-295 परिवहन विमान को समर्पित है।**
- **रक्षा औद्योगिक विकास:** भारत का रक्षा उत्पादन कारोबार **वर्ष 2016-17 में 740.54 बिलियन रुपए से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 1,086.84 बिलियन रुपए** हो गया, जिसमें वर्ष 2023 तक **14,000 MSME** और **329 स्टार्टअप रक्षा क्षेत्र में शामिल होंगे।**

## रक्षा बल में सुधार की आवश्यकता क्यों?

- **राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (NSS) का अभाव: NSS** का अभाव **राजनीतिक इरादों और सैन्य अभियानों के बीच अंतर** उत्पन्न करता है, जिससे राष्ट्रीय नीतियों के साथ रक्षा रणनीतियों का संरेखण कमज़ोर होता है।
  - इसके परिणामस्वरूप चीन और पाकिस्तान जैसे **उभरते खतरों के प्रति तैयारी में कमी आई है।**
- **साइबर युद्ध का उदय:** साइबरस्पेस **युद्ध का पाँचवा क्षेत्र है**, जिसमें **राज्य प्रायोजित अभिकर्त्ता और स्वयं राज्य** प्रमुख आर्थिक मापदंडों और सैन्य प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुँचाते हैं।
  - **एस्टोनिया** तथा अन्य संघर्षों में यह देखा गया, जिसमें नवीनतम उदाहरण यूक्रेन-रूस साइबर युद्ध **है।**
- **आयात पर निर्भरता:** भारत **वर्ष 2019-23** की अवधि के लिये **विश्व का शीर्ष हथियार आयातक** बना हुआ है, जिसमें **वर्ष 2014-18** की अवधि की तुलना में आयात में **4.7% की वृद्धि** हुई है।
  - स्वदेशीकरण की धीमी गति और **प्रतिस्पर्द्धी घरेलू रक्षा उद्योग** के निर्माण में चुनौतियाँ रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता में बाधा डालती हैं।
- **संयुक्तता का सांस्कृतिक प्रतिरोध:** भारतीय सेना के **सेवा-विशिष्ट दृष्टिकोण,** जिसमें प्रत्येक शाखा **(सेना, नौसेना, वायु सेना)** अपनी **स्वायत्तता** बनाए रखती है, के कारण एकीकृत मॉडल अपनाने में प्रतिरोध उत्पन्न हुआ है।
- **अपर्याप्त वित्तपोषण:** निरपेक्ष रूप से पर्याप्त आवंटन के बावजूद, यह विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, उपकरण और बुनियादी ढाँचे जैसे क्षेत्रों में **भारत के** सकल घरेलू उत्पाद **का केवल 1.9% है,** जो रक्षा बलों के **आधुनिकीकरण को सीमित** करता है।
  - वर्ष 2020 में रक्षा क्षेत्र में **FDI की सीमा** को **स्वचालित मार्ग से 74%** तक और **आधुनिक प्रौद्योगिकी** तक पहुँच के लिये **सरकारी मार्ग से 100%** तक बढ़ा दिया गया।
- **तदर्थ खरीद प्रक्रियाएँ:** वर्ष 2020 में गलवान संघर्ष के बाद, सशस्त्र बलों को महत्त्वपूर्ण क्षमता अंतराल को दूर करने के लिये **आपातकालीन खरीद के लिये विशेष अधिकार** दिये गए थे, जिससे सामरिक आवश्यकता के बावजूद **रणनीतिक तत्परता की कमी उजागर** हुई।
- **अल्पकालिक नीति:** अग्निपथ योजना की आलोचना इसकी **6 महीने की छोटी प्रशिक्षण अवधि** के लिये की गई है, जिससे वास्तविक युद्ध के लिये रंगरूटों की तत्परता के बारे में चिंताएँ उत्पन्न होती हैं।
  - **4 वर्ष की सेवा अवधि में अनुभवी कार्मिकों को खोने का जोखिम** रहता है, जिससे सेना की क्षमता और मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

## रक्षा बलों में सुधार के लिये भारत की पहल क्या हैं?

- रक्षा औद्योगिक गलियारे
- आयुध निर्माणी बोर्डों का निगमीकरण
- डिफेंस इंडिया स्टार्टअप चैलेंज
- सृजन पोर्टल
- रक्षा उत्कृष्टता के लिये नवाचार (iDEX)
- मिशन रक्षा ज्ञान शक्ति

## अमेरिका में गोल्डवाटर-निकोल्स सुधार

- **परिचय: गोल्डवाटर -निकोल्स रक्षा पुनर्गठन अधिनियम, 1986** ने सैन्य **प्रभावशीलता और दक्षता** को बढ़ाने के लिये **अमेरिकी रक्षा विभाग** का पुनर्गठन किया।
- ये सुधार **वियतनाम युद्ध (1955-1975) और ऑपरेशन ईगल क्लॉ (ईरान में बंधकों को बचाने का असफल अमेरिकी मिशन)** के बाद चिन्हित गए मुद्दों को संबोधित करने के लिये तैयार किये गए थे।
- **लक्ष्य:** प्राथमिक लक्ष्य **संयुक्त सैन्य अभियानों** में सुधार करना, नागरिक नियंत्रण को मज़बूत करना और **रक्षा निर्णय लेने को सुव्यवस्थित करना** था।
- **प्रमुख प्रावधान:**
- राष्ट्रपति को बेहतर **सैन्य सलाह**

- एकीकृत लड़ाकू कमांडरों के लिये **स्पष्ट ज़िम्मेदारियाँ**
- **एकीकृत कमांडर** के अधिकार और ज़िम्मेदारियाँ
- रणनीति निर्माण और **आकस्मिक योजना**
- संसाधनों का **कुशल उपयोग**
- **संयुक्त अधिकारी** प्रबंधन
- **संयुक्त सैन्य अभियानों** की प्रभावशीलता
- **रक्षा प्रबंधन** और प्रशासन

## आगे की राह

- **संस्थागत सुधार:** [चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS)]() और [सैन्य मामलों के विभाग (DMA)]() की स्थापना एक सकारात्मक कदम है लेकिन इनके बीच **ज़िम्मेदारी** वितरण को स्पष्ट करने की आवश्यकता है।
- CDS द्वारा सैन्य निर्णय लेने में नेतृत्व करने के साथ नागरिक-सैन्य अंतराल को कम करने पर ध्यान दिया जाना चाहिये।
- **प्रौद्योगिकियों का एकीकरण**: **स्वायत्त प्रणालियों, साइबर युद्ध एवं [AI]() पर ध्यान केंद्रित करने** से भारत को चीन या पाकिस्तान के साथ संभावित संघर्षों में तकनीकी बढ़त मिल सकती है।
- **खुफिया जानकारी, निगरानी, टोही (ISR) एवं सटीक हमलों में ड्रोन क्षमताओं का** विस्तार करने से परिचालन अनुकूलन में वृद्धि होगी।
- **घरेलू रक्षा उद्योग को बढ़ावा देना:** घरेलू रक्षा क्षेत्र को मज़बूत करने के लिये सार्वजनिक-निजी भागीदारी एवं **विदेशी सहयोग** को बढ़ावा देना चाहिये।
- **संसाधनों** के अधिक कुशल आवंटन को महत्त्व दिये जाने के साथ विषम लाभ प्रदान करने वाली प्रौद्योगिकियों को प्राथमिकता दी जानी चाहिये।
- **रक्षा सहयोग को अधिकतम करना: भारत-अमेरिका iCET पहल** जैसी क्षेत्रीय एवं वैश्विक शक्तियों के साथ रक्षा सहयोग का विस्तार करने से भारत की रणनीतिक स्वायत्तता तथा सुरक्षा को बढ़ावा मिल सकता है।
- **राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (NDU): भारत** को रणनीतिक विचारकों एवं योजनाकारों का एक मज़बूत कैडर विकसित करने के क्रम में **रक्षा रणनीतियों, नीतियों और प्रौद्योगिकियों** में उन्नत प्रशिक्षण तथा अनुसंधान हेतु NDU की स्थापना को प्राथमिकता देनी चाहिये।

**दृष्टि मुख्य परीक्षा प्रश्न:**

**प्रश्न:** वर्ष 2025 के लिये भारतीय रक्षा बलों में प्रस्तावित सुधारों एवं संबंधित चुनौतियों पर चर्चा कीजिये।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न:

**प्रश्न. कभी-कभी समाचारों में देखा जाने वाला "टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (THAAD)" क्या है? (2018)**

(a) एक इज़रायली रडार प्रणाली
(b) भारत का स्वदेशी मिसाइल रोधी कार्यक्रम
(c) एक अमेरिकी मिसाइल रोधी प्रणाली
(d) जापान और दक्षिण कोरिया के मध्य एक रक्षा सहयोग

**उत्तर:(c)**

**?????**

**प्रश्न:**रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) को अब उदार बनाया जाना तय है: इससे भारतीय रक्षा एवं अर्थव्यवस्था पर अल्पावधि तथा दीर्घावधि में क्या प्रभाव पड़ने का अनुमान है? (2014)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/2025-as-year-of-reforms-for-defence-force